# जनपद मेरठ मे एन0यू0एच0एम0 के अन्तर्गत संचालित गतिविधियो के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या दिनांक 18–22 सितम्बर 2019

**भ्रमण दल सदस्य –**

1. श्री विनीत सिंह, कन्सल्टेंट, एन.यू.एच.एम., एन.एच.एम.।
2. श्री सोमेश सिंह, कन्सल्टेंट, एन.यू.एच.एम., एन.एच.एम.।
3. श्री राकेश वर्मा, कार्यक्रम समन्वयक, एन.यू.एच.एम.।

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–** जाहिदपुर, तारापुरी, इस्लामाबाद, राजेन्द्र नगर, नगला बट्टू, पुलिस लाइन, लखीपुरा ,शकुर नगर, मवाना, अब्दुल्लापुर, कैन्ट, रजवन, कसेरूबक्सर, संजय नगर, पल्लैहडा कंकरखेरा, मलियाना, सरधना, ब्रहमपुरी, तहसील, लल्लापुरा।

**अर्बन हेल्थ कियोस्क–** अहमद नगर, अब्दुल्लापुर

भ्रमण के मुख्य बिन्दु निम्नवत है

| अवलोकन के बिन्दु | की गयी कार्यवाही |
|---|---|
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैन्ट एवं रजवन एक स्थान पर एक ही भवन में संचालित है।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ वेलनेस सेन्टर राजेन्द्र नगर शटर वाली दुकानों में संचालित है जिसपर ब्राडिंग किया जाना सम्भव नहीं है। | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रजबन एवं राजेन्द्र नगर को अन्य भवन में स्थानांतरित कराये जाने का अनुरोध किया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैंट के कक्ष में छत का प्लास्टर गिरा हुआ था। तथा छत में सीलन थी।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगलाबट्टु की दीवारों में सीलन है तथा बरसात में कोल्ड चेन कक्ष की दीवार में करेंट भी आ जाता है।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुलिस लाइन के दरवाजों की चौखट में दीमक लगी है। | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मरम्मत कराने का सुझाव दिया गया। |
| • अधिकांश नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के खुलने का समय, ऐरो बोर्ड व अन्य आवश्यक आई0ई0सी0, ई0डी0एल0 प्रदर्शित नही था। | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के खुलने का समय, ऐरो बोर्ड व अन्य आवश्यक, आई0ई0सी0, ई0डी0एल0 प्रदर्शित कराने का अनुरोध किया गया। |
| • जनपद मेरठ मे 21 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को हेल्थ वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित किये जाने हेतु चिन्हित किया गया है। ब्रान्डिग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तथा वेलनेस रूम नहीं बनाया गया है। | • हेल्थ वेलनेस सेंटर की पर ब्रान्डिग का कार्य पूर्ण कराने, नियमानुसार ,वेलनेस रूम बनाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मवाना में 02 पुरूष स्टाफ नर्स तैनात है जिसके कारण केन्द्र पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जॉच नहीं हो पा रही है। तारापुरी, लखीपुरा, सरधना तथा कुण्डा में कोई स्टाफ नर्स तैनात नही है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मवाना पर टीकाकरण सत्र आयोजित किया जा रहा है ।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मवाना, शकुर नगर एवं रजबन, लखीपुरा में एल0टी0 में तैनात नहीं है जबकि वर्तमान में 21 एल0टी0 एन0यू0एच0एम0 के अन्तर्गत तथा 03 एल0टी0 आर0एन0टी0सी0पी0 के अन्तर्गत तैनात है। | • जनपद मे तैनात स्टाफ का rational deployment किये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • हेल्थ वेलनेस सेंटर पर ग्लोकोमीटर की स्ट्रीप न होने के कारण डायबिटिज की स्क्रीनिंग नहीं हो रहीं है। | • हेल्थ वेलनेस सेंटर पर स्क्रीनिंग करते हुए अलग रिकार्ड बनाया जाने का सुझाव दिया गया तथा |

Scanned by CamScanner

| अवलोकन के बिन्दु | की गयी कार्यवाही |
| --- | --- |
| • एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग का अलग से कोई रिकार्ड नही बनाया जा रहा है।<br>• हेल्थ वेलनेस सेंटर नगला बट्टू के अतिरिक्त अन्य केन्द्र पर योग सत्र का आयोजन नहीं किया जा रहा है। | प्रतिदिन योग हेतु नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के स्टाफ को प्रेरित व निर्देशित किया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अब्दुल्लापुर में बी0पी0 एवं शुगर की दवाये उपलब्ध नहीं थी। | • समस्त हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पर बी0पी0 एवं शुगर की दवाये उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर Data validation committee नही बनी है। | • Data validation committee का गठन कराते हुए Data validation के पश्चात ही पोर्टल पर डाटा अपलोड किये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • सभी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर बायोमेट्रिक मशीन इंस्टाल की गयी है। रजिस्टर पर उपस्थिति दर्ज की जा रही है। परन्तु मशीन पर उपस्थिति दर्ज नही की जा रही है। | • सभी स्टाफ का बायोमेट्रिक मशीन पर उपस्थिति दर्ज कराने हेतु अनुरोध किया गया। |
| • अधिकांश नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक उपकरण जैसे– Mimi Autoclave, Oxygen Cylinder, Calorimeter, Fire Extinguisher, Suction Machine, Microscope, Refrigrator, Emwrgency light, Bed, invertor etc) उपलब्ध नहीं है। जनपद स्तर पर इन उपकरणों की गैप एनालिसिस कर ली गयी है।<br>• अधिकांश नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बडे Autoclave रखे थे जिसके कारण केन्द्र पर उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अब्दुल्लापुर में आई0यू0सी0डी0 किट का Sterelization नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संजय नगर पर कराया जाता है | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मवाना में चिकित्सक न होने के कारण आउटरीच कैम्प का आयोजन नहीं किया जा रहा है। | • राज्य स्तर से प्रेषित निर्देश के अनुसार चिकित्सक को इम्पैनल/हायर करते हुए कैम्प आयोजित कराने का सुझाव दिया गया। इस हेतु डैप में धनराशि का आवंटन किया गया है। |
| • भ्रमण किये गये नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आउट रीच कैम्प के ओ0पी0डी0 व औषधियों एवं लैब टेस्ट का अलग से कोइ रिकार्ड नही रखा जा रहा हैं। | • आउटरीच कैम्प का अलग रिकार्ड बनाया जाने का सुझाव दिया गया तथा इस हेतु सम्बंधित स्टाफ को समझाया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अधिकांश रिकार्ड जैसे रेफरल एन0सी0डी0 आई0पी0डी0, एच0आर0पी0 लाइन लिस्टिंग, ए0एन0सी0, पी0एन0सी0, स्टॉक, daily drug Consumption, BMW का रिकार्ड या तो उपलब्ध नहीं थे या निर्धारित प्रारूप पर नहीं थे। रजिस्टर पर पेजिंग नहीं थी। | • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित समस्त गतिविधियों के रिकार्ड निर्धारित प्रारूप पर बनाये जाने का सुझाव दिया गया तथा सभी रजिस्टर पर पेजिंग करने का सुझाव दिया गया। |
| • अधिकांश नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मानक के अनुसार कलर कोडेड बिन नहीं थे। | • सेवा प्रदाता ऐजेन्सी से मानकानुसार कलर कोडेड बिन उप्लब्ध कराने का सुझाव दिया गया। |
| • रोगी कल्याण समिति की नियमानुसार बैठक नहीं की जा | • रोगी कल्याण समिति की बैठक नियमित कराने व |

Scanned by CamScanner

| अवलोकन के बिन्दु | की गयी कार्यवाही |
|---|---|
| रही है। रिकार्ड पूर्ण नहीं है। | रिकार्ड पूर्ण कराने का सुझाव दिया गया। |
| • जनपद मे गठित 263 महिला आरोग्य समिति के सापेक्ष केवल 164 खाते खुले है तथा शेष खाता खोला जाना प्रक्रियाधीन है। | • बैंक स्तर पर लम्बित महिला आरोग्य समिति के खाते खोले जाने में सहयोग किये जाने हेतु सी0डी0ओ0 महोदया से अनुरोध किया गया। सी0डी0ओ0 महोदया द्वारा लम्बित खातो की शाखावार सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।<br>• समस्त खोले गये खातों में नियमानपुसार धनराशि आवंटित कराये जाने का अनुरोध किया गया। |
| • अरबन हेल्थ कियोस्क, अहमदनगर एवं अब्दुल्लापुर पर ए0एन0एम0 उपस्थित थी। केन्द्र पर गोपनीयता की व्यवस्था नही थी। केन्द्र पर बी0पी0 उपकरण, हीमोग्लोबिन की जॉच हेतु कोई व्यवस्था नहीं थी। केन्द्र पर दी जाने वाली सेवाओं का रिकार्ड उपलब्ध नहीं था। | • अरबन हेल्थ कियोस्क, पर राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देश के अनूसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। |
| • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर परदे आदि नहीं लगे है। अधिकाश स्वास्थ्य केन्द्रों का स्टोर अव्यवस्थित है रैक न होने के कारण दवाईया गत्तों में जमीन पर रखी है। | • स्वास्थ्य केन्द पर आवश्यकतानुसार स्टील रैक उपलब्ध कराते हुए स्टोर को व्यवस्थित किये जाने तथा दवाओ को रैक पर रखें जाने तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर परदे आदि लगाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| • केन्द्र पर कण्डोम बॉक्स एवं शिकायत पेटिका नहीं लगी है। | • केन्द्र पर कण्डोम बॉक्स एवं शिकायत/सुझाव पेटिका लगाये जाने तथा का सुझाव दिया गया। शिकायत/सुझाव पर कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे मे बताया गया। |
| • ए0एन0एम0 में पास बी0पी0 उपकरण एवं हीमोग्लोबिन की जॉच करने हेतु उपकरण उपलब्ध नहीं है जिससे उनके द्वारा एन0एन0सी0 की जॉच सही तरीके से नहीं की जा रही है। ए0एन0एम0 के पास एच0आर0 पी0 की लाइन लिसिटंग नहीं की जा रही है। ए0एन0एम0 की आर0सी0एच0 रजिस्टर अपूर्ण पाये गये। | • समस्त ए0एन0एम0 को राज्य स्तर से प्रेषित दिशा निर्देश के अनूसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। तथा यह भी अनुरोध किया गया कि आर0सी0एच0 रजिस्टर को पूर्ण कराते हुए आर0सी0एच0 पोर्टल पर इन्ट्री करायी जाय तथा एच0आर0पी0 की लाइन लिस्टिंग बनायी जाय। |
| • अरबन आशा के यू0एच0आई0आर0 रजिस्टर पूर्ण नहीं पाये गये। | • अरबन आशा के यू0एच0आई0आर0 रजिस्टर पूर्ण कराने हेतु अनुरोध किया गया। |
| • अरबन आशा को किट उपलब्ध नहीं करायी गयी है | • अरबन आशा को किट उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। |
| • 173 ड्राप आउट अरबन आशा का चयन किया प्रक्रियाधीन है। | • ड्राप आउट अरबन आशा का चयन शीघ्र कराये जाने का अनुरोध किया गया। |

- मुख्य विकास अधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तीतुकरण में उपरोक्त बिन्दुओं को सम्मिलित किया गया।
- उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक की गयी जिसमें उपरोक्त भ्रमण में पायी गयी गयी कमियों के निराकरण हेतु अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 एवं नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 द्वारा आवश्यक निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिये गये।

Scanned by CamScanner